भारत सरकार

जल शक्ति मंत्रालय

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1806

जिसका उत्तर 05 दिसंबर, 2024 को दिया जाना है।

.....

मुरार नदी विकास परियोजना

1806. श्री भारत सिंह कुशवाह:

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मध्य प्रदेश में निर्माणाधीन नदी विकास परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) मुरार नदी विकास परियोजना के संबंध में वर्तमान में वास्तवितक और वित्तीय प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने उक्त परियोजना को पूरा करने के लिए कोई समय-सीमा निर्धारित की है; और

(घ) यदि हां, तो अद्यतन प्रगति सहित तत्संबंधी बयौरा क्या है?

उत्तर

जल शक्ति राज्य मंत्री श्री राज भूषण चौधरी

(क): केंद्र सरकार द्वारा नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत ग्वालियर (मुरार नदी), चित्रकूट सतना (मंदाकिनी नदी) और मंदसौर (शिवना नदी) शहरों के लिए 132.47 करोड़ रुपये की कुल अनुमानित स्वीकृत लागत पर चार नदी तट विकास/घाट विकास परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है।

(ख) से (घ): मुरार नदी के लिए, 2 परियोजनाओं अर्थात मुरार नदी का नदी तट विकास चरण-1 और मुरार नदी तट विकास चरण-II का क्रमशः 39.24 करोड़ रुपये और 32.44 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से स्वीकृत किया गया है। ग्वालियर नगर निगम इन परियोजनाओं के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है जबकि वापकोस (एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम) इन परियोजनाओं के लिए कार्य निष्पादन एजेंसी है। चरण-I परियोजना में लगभग 9.65 करोड़ रुपये के व्यय के साथ अब तक 60% वास्तविक प्रगति प्राप्त की गई है। चरण-I परियोजना को दिसंबर, 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य है। चरण-II परियोजना निविदा प्रक्रियाधीन है।

*****